Schedule XLII-High Court No.(J) 9[Old(M)164]

FORM OF ORDER SHEET

IN THE COURT OF THE DIVISIONAL COMMISSIONER, PURNEA.

Land Dispute Appeal No.-33/2018

Dhukhan & Anr .... Appellants.

Versus

Sri Indra Nand Yadav & Ors .... Respondents.

Serial No.	Date of order of proceeding.	Order with signature of the court.	Office action taken with date
1	2	3	4
	30.11.2023	**आदेश** प्रस्तुत अपील न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, धमदाहा, पूर्णिया द्वारा वाद सं0—17/2017—18 में दिनांक—28.04.2018 को पारित आदेश के विरूद्ध दायर किया गया है। विलंब क्षांत हेतु पृथक आवेदन दाखिल है। अपीलार्थी अनुपस्थित। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि उत्तरवादी सं0—01 इन्द्रानंद यादव की मृत्यु पश्चात् यद्यपि अपीलार्थी द्वारा दिनांक—18.07.2022 को प्रतिस्थापन आवेदन दाखिल किया गया है तथापि इसे कभी संचालित नहीं किया गया। फलतः प्रतिस्थापन की कार्रवाई लंबित रही। अपीलार्थी उपस्थिति देकर पुकार पर लगातार अनुपस्थित चले आ रहे हैं। अपीलार्थी की लगातार अनुपस्थिति से स्पष्ट है कि उन्हें वाद के निष्पादन में कोई अभिरूचि नहीं रह गई है। वाद को अनावश्यक लंबित रखना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। अतः उपर्युक्त के आलोक में अपीलार्थी के अभिरूचि के आभाव में प्रस्तुत वाद को ''प्रमाद में खारिज'' (Dismissed for Default) किया जाता है। इसी के साथ वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है। आदेश की प्रति निम्न न्यायालय को भेजें। लेखापित एवं शुद्धित। आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ। आयुक्त, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ।	

Web Copy. Not Official.

Web Copy. Not Official.